**पाठ २**

# इस जल प्रलय में

आँखें मलता हुआ उठा। पश्चिम की ओर, थाना के सामने सड़क पर मोटी डोली की शक्ल में-मुँह में झाग-फेन लिए-पानी आ रहा है; ठीक वैसा ही जैसा शाम को कॉफ़ी हाउस के **पास** देखा था। पानी के साथ-साथ चलता हुआ, किलोल करता हुआ बच्चों का एक दल...उधर पश्चिम-दक्षिण कोने पर दिनकर **अतिथिशाला** से और आगे भंगी बस्ती के पास बच्चे कूद क्यों रहे हैं? नहीं, बच्चे नहीं, पानी है। वहाँ मोड़ है, थोड़ा अवरोध है-इसलिए पानी उछल रहा है...पश्चिम-उत्तर की ओर, ब्लॉक नंबर एक के पास पुलिस चौकी के पिछवाड़े में पानी का पहला रेला आया...ब्लॉक नंबर चार के नीचे सेठ की दुकान की बाएँ बाज़ू में लहरें नाचने लगीं।

अब मैं दौड़कर छत पर चला गया। चारों ओर शोर-कोलाहल-कलरव-चीख-पुकार और पानी का कलकल रव। लहरों का **नर्तन**। सामने फुटपाथ को पार कर अब पानी हमारे पिछवाड़े में **सशक्त** बहने लगा है। गोलबंर के गोल पार्क के चोरों ओर पानी नाच रहा है...आ गया, आ गया! पानी बहुत तेज़ी से बढ़ रहा है, चढ़ रहा है, करेंट कितना तेज़ है? सोन का पानी है। नहीं, गंगा जी का है। आ गैलो...

सामने की दीवार की ईंटें जल्दी-जल्दी डूबती जा रही हैं। बिजली के खंभे का काला हिस्सा डूब गया। ताड़ के पेड़ का तना क्रमशः डूबता जा रहा है...डूब रहा है।

...अभी यदि मेरे पास मूवी कैमरा होता, अगर एक टेप-रिकार्डर होता! बाढ़ तो **बचपन** से ही देखता आया हूँ, किंतु पानी का इस तरह आना कभी नहीं देखा। अच्छा हुआ जो रात में नहीं आया। नहीं तो भय के मारे न जाने मेरा क्या हाल होता...देखते ही देखते गोल पार्क डूब गया। हरियाली लोप हो गई। अब हमारे चारों ओर पानी नाच रहा था...भूरे रंग के भेड़ों के झुंड। भेड़ दौड़ रहे हैं- भूरे भेड़, वह चायवाले की झोंपड़ी गई, चली गई। काश, मेरे पास एक मूवी कैमरा होता, एक टेप-रिकार्डर होता... तो क्या होता? अच्छा है, कुछ भी नहीं। कलम थी, वह भी चोरी चली गई। अच्छा है, कुछ भी नहीं-मेरे पास।

साभार - फणीश्वरनाथ रेणू

© Rohini Parulekar

**अभ्यास १**

पानी से संबंधित निम्नलिखित मुहावरें और कहावतों का क्रम सुधारकर सही क्रम में लिखिए -

1. मछली बिन जल -
2. बैर मगर में से रहकर जल -
3. जाना उतर पानी -
4. बुलबुला का पानी -
5. भली में जल ही की मछली जल -
6. पानी होना पानी -
7. आग लगाना में पानी -
8. आना पानी में मुँह -

**अभ्यास २**

1. अब पाठांश को ध्यान से पढ़िए और उसमें से पानी का वर्णन करनेवाले शब्द तथा वाक्यांशों को चुनकर बताइए कि वे महत्वपूर्ण क्यों हैं?

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

2. **मोटे टाइपवाले** शब्दों के लिए समानार्थी शब्द बताइए। यदि हम उन्हें मूल शब्दों की जगह लिखेंगे तो क्या वे उतने ही प्रभावशाली होंगे? क्यों?

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

© Rohini Parulekar

3. पाठांश में से आपको कठीन लग रहे पांच शब्दों को पाँच बार लिखिए।

4. कल्पना कीजिए कि आप प्रत्यक्ष रूप से बाढ़ में फँसे हैं और अपना अनुभव लिख रहे हैं, तब आप कैसा महसूस करेंगे। पहले नोट्स बनाइए।

5. अब अपने नोट्स को सही क्रम में लगाकर २०० शब्दों का एक अनुच्छेद लिखिए।

© Rohini Parulekar